[This question paper contains 4 printed pages.]

**Your Roll No...............**

**Sr. No. of Question Paper : 1385** **L**

Unique Paper Code : 2273100021

Name of the Paper : Comparative Economic Development

Name of the Course : **B.A. (Hons.)/B.A. Programme – DSE**

Semester : VI / VIII

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 90

**Instructions for Candidates**

1. Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Attempt any **four** questions.
4. Answers may be written either in English or Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**छात्रों के लिए निर्देश**

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
4. इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी या हिंदी किसी एक भाषा में दीजिए, लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

*P.T.O.*

1. How did the role of agriculture in generating a surplus for industrialisation differ between Britain and Japan? Compare the mechanisms — enclosures and Corn Laws in Britain versus land tax reform in Japan through which the agrarian surplus was mobilised.

2. Discuss the second phase of British industrialisation (1840–1895). What was the role of the railways, coal and iron industries and capital goods production in deepening the industrial base? Why did Britain begin to lose its competitive advantage by the end of this period?

3. Alice Amsden argued that late industrialisation in East Asia was driven by "learning" rather than "invention." Discuss this idea with reference to the East Asian model. How did East Asian economies use already-existing technologies to achieve rapid industrial growth?

4. What is the "Flying Geese Model" of East Asian development? Explain the model and critically discuss its strengths and weaknesses as an explanation of industrial development in East Asian economies.

5. Discuss the relationship between labour and development in East Asian economies. How were labour processes and industrial relations shaped in the context of export-oriented industrialisation, and what was the role of wages and labour discipline in enabling East Asian competitiveness?

6. Critically assess the role of the developmental state in Japan's post-war economic miracle. How did the Japanese state guide private enterprise towards national development goals through institutions like MITI and industrial policy, and what are the limits of this model?

7. What is meant by "Primitive Socialist Accumulation" in the context of China? How does S. K. Cheng's analysis help explain the Chinese state's role in capital accumulation and industrialisation, and how does the Chinese experience compare to Japan's developmental state?

8. Why did East Asian economies shift from import-substitution industrialisation (ISI) to export-oriented industrialisation (EOI)? Also discuss how the East Asian financial crisis of 1997 challenged the narrative of the "East Asian miracle" and revealed structural vulnerabilities of export-oriented development.

9. Compare the institutional foundations of economic development in Britain and Japan. What were the key similarities and differences in the role of land tenure, financial institutions, and the state in enabling industrial transition in the two countries?

1. औद्योगीकरण के लिए अधिशेष उत्पन्न करने में कृषि की भूमिका ब्रिटेन और जापान में किस प्रकार भिन्न थी? कृषि अधिशेष को जुटाने के तंत्रों की तुलना कीजिए - ब्रिटेन में बाड़बंदी और अनाज कानून, जबकि जापान में भूमि कर सुधार।

2. ब्रिटिश औद्योगीकरण के दूसरे चरण (1840-1895) पर चर्चा कीजिए। औद्योगिक आधार को मजबूत करने में रेलवे, कोयला और लौह उद्योग तथा पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन की क्या भूमिका थी? इस अवधि के अंत तक ब्रिटेन ने अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त क्यों खोनी शुरू कर दी?

3. एलिस एम्सडेन ने तर्क दिया कि पूर्वी एशिया में उत्तरोत्तर औद्योगीकरण "आविष्कार" के बजाय "सीखने" से प्रेरित था। पूर्वी एशियाई मॉडल के संदर्भ में इस विचार पर चर्चा कीजिए। पूर्वी एशियाई अर्थव्यवस्थाओं ने तीव्र औद्योगिक विकास प्राप्त करने के लिए पहले से मौजूद प्रौद्योगिकियों का उपयोग कैसे किया?

4. पूर्वी एशियाई विकास का "फ्लाइंग गीज मॉडल" क्या है? इस मॉडल की व्याख्या कीजिए और पूर्वी एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में औद्योगिक विकास की व्याख्या के रूप में इसकी खूबियों और खामियों पर समालोचनात्मक चर्चा कीजिए।

5. पूर्वी एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में श्रम और विकास के बीच संबंधों पर चर्चा कीजिए। निर्यात-उन्मुख औद्योगीकरण के संदर्भ में श्रम प्रक्रियाओं और औद्योगिक संबंधों को किस प्रकार आकार दिया गया, और पूर्वी एशियाई प्रतिस्पर्धात्मकता को सक्षम बनाने में मजदूरी और श्रम अनुशासन की क्या भूमिका थी?

6. जापान के युद्धोत्तर आर्थिक चमत्कार में विकासात्मक राज्य की भूमिका का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए। जापानी राज्य ने एमआईटीआई और औद्योगिक नीति जैसी संस्थाओं के माध्यम से निजी उद्यम को राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों की ओर कैसे निर्देशित किया, और इस मॉडल की सीमाएँ क्या हैं?

7. चीन के संदर्भ में "आदिम समाजवादी संचय" से क्या तात्पर्य है? एस. के. चेंग का विश्लेषण पूंजी संचय और औद्योगीकरण में चीनी राज्य की भूमिका को समझाने में कैसे सहायक है, और चीनी अनुभव की तुलना जापान के विकासात्मक राज्य से किस प्रकार की जा सकती है?

8. पूर्वी एशियाई अर्थव्यवस्थाएँ आयात-प्रतिस्थापन औद्योगीकरण (आईएसआई) से निर्यात-उन्मुख औद्योगीकरण (ईओआई) की ओर क्यों स्थानांतरित हुई? साथ ही, चर्चा कीजिए कि 1997 के पूर्वी एशियाई वित्तीय संकट ने "पूर्वी एशियाई चमत्कार" की धारणा को कैसे चुनौती दी और निर्यात-उन्मुख विकास की संरचनात्मक कमजोरियों को उजागर किया।

9. ब्रिटेन और जापान में आर्थिक विकास के संस्थागत आधारों की तुलना कीजिए। दोनों देशों में औद्योगिक संक्रमण को संभव बनाने में भूमि स्वामित्व, वित्तीय संस्थानों और राज्य की भूमिका में प्रमुख समानताएं और अंतर क्या थे?